**दिनांक : 21.03.2024** **समय : 07.10 pm**

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**संकेत धुन**

नमस्कार, समाचारों के साथ मैं .. नवनीत चौबे ...

**मुख्य समाचार :–**

- लोकसभा चुनावों को लेकर सरगर्मियां तेज, भाजपा ने जारी की तीसरी सूची, आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी।
- हाईकोर्ट के निर्देश पर कल से शुरू होगा धार की भोजशाला का वैज्ञानिक सर्वे ।
- विश्व वानिकी दिवस पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।

  **और**
- टी–20 क्रिकेट के महाकुंभ आईपीएल की कल से चेन्नई में होगी शुरूआत।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**भाजपा तीसरी सूची**

लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीद्वारों की तीसरी सूची आज जारी की। इसमें केन्द्रीय मंत्री एल मुरूगन, नीलगिरी और तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन को चैन्नई दक्षिण से टिकट दिया गया है। इस सूची में कुल 9 उम्मीद्वारों के नाम है। इससे पहले भाजपा 267 उम्मीद्वारों की सूची जारी कर चुकी है।

**पूल /पूजापीवर्धन/प्रशान्त/नवनीत/परिहार/56/05**

भाजपा सदस्यता

प्रदेश में विपक्षी दलों के नेताओं के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का सिलसिला लगातार जारी है। आज भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस, सपा और बसपा के अनेक नेताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सतना से कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य देवदत्त सोनी, रीवा से कांग्रेस के पूर्व सांसद देवराज सिंह, नागौद से पूर्व कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह, सिरमौर के पूर्व महापौर रेणु शाह, सिरमौर से बीएसपी विधानसभा प्रत्याशी बी. डी पाण्डेय, कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री हाकमसिंह लोधी, दमोह से कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव विनय दुबे, सांवेर के इंदौर जिले के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष बलराम पटेल सहित सतना, रीवा, सांवेर, शहडोल, अनुपपूर एवं जबलपुर के कांग्रेस व बसपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा और अन्य नेता उपस्थित थे। इस अवसपर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तेजी से भारतीय जनता पार्टी का परिवार बढ रहा है उससे ऐसा लगने लगा है कि कांग्रेस सहित अन्य दलों के पास कुछ नहीं बचेगा।

**मतदाता जागरूकता**

प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तर्ज पर लोकसभा चुनाव मे भी अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रयास किये जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने 26 जिला की 75 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता का विशेष अभियान चलाया है। इन सीटों पर पिछली बार 75 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। **शहडोल** में मतदाता जागरूकता वाहन के माध्यम से मतदाताओं में मतदान के प्रति रुचि जागृत की जाएगी। दीवार

लेखन, रंगोली, रैली, लघु फिल्म, स्लोगन, पोस्टर आदि के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। **देवास** में शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता प्रचार वाहन को देवास जिला मुख्यालय से रवाना किया गया। वाहन में बैनर्स, पोस्टर्स, स्लोगन्स, प्लाज्मा टीवी के जरिये मतदाता जागरुकता गीत, रील, वीडियो आदि दिखाकर मतदाताओं को उनके मताधिकार का उपयोग करने के लिये प्रेरित किया जायेगा। **गुना** जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय से मतदाता जागरूकता के लिए आए प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**भाजपा-कांग्रेस**

**लोकसभा चुनावों के पहले** भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा ने बैंक खाते फ्रीज करने के आरोपों के लिए कांग्रेस की कड़ी आलोचना की है। पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि अगर कोई डिफॉल्टर है, तो उसके साथ वैसा ही व्यवहार किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि न केवल कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते फ्रीज हुए हैं, बल्कि वह भी फ्रीज हो चुकी है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने न्यायालय, निर्वाचन आयोग और मीडिया के बारे में अनुचित बातें की हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी दोनों ने विश्व में भारत के लोकतंत्र को अपमानित किया है। इसके पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि लोकतंत्र के सुचारू संचालन के लिए निष्पक्ष चुनाव महत्वपूर्ण है। श्री खरगे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों के लेन-देन पर रोक लगा दी गई है। इस रोक को तुरन्त हटाया जाना चाहिए ताकि कांग्रेस आगामी चुनावों के दौरान अपने कोष का इस्तेमाल कर सके। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने पार्टी के बैंक खातों के लेन-देन पर रोक लगाने को अलोकतांत्रिक बताया है। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों के लेन-देन पर रोक नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र पर रोक है।

भोजशाला

धार के ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला का हाईकोर्ट के निर्देश पर ए.एस.आई टीम द्वारा कल से सर्वे प्रारंभ होगा। इस संबंध मे आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया के अपर महानिदेशक प्रो. आलोक त्रिपाठी ने सूचना स्थानीय प्रशासन को दी है। टीम की सुरक्षा और अन्य व्यस्था को देखने के लिए आज कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने भोजशाला का दौरा किया। एसपी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि "सर्वे शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो जाए इसलिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

साथ ही उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि  माननीय हाई कोर्ट का निर्देश पर परिसर का सर्वे होना है सभी सहयोग करें शहर की अमन शांति बनाए रखे। उल्लेखनीय है कि  6 सप्ताह मे सर्वे की टीम भोजशाला के 50 मीटर परिधि मे सभी जीपीआर टेक्निक, जीपीएस टेक्निक, कार्बन डेटिंग के साथ नवीन तरीके से भोजशाला मे साइंटिफिक सर्वे करेगी।

विश्व वानिकी दिवस

आज विश्व वानिकी दिवस  के अवसर पर वनों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए वन संपदा के संरक्षण की अपील की है। डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा हरे-भरे वन, चतुर्दिक हरियाली ही धरा का श्रृंगार हैं, जीवन का आधार हैं। इस अवसर पर ऐतिहासिक पर्यटन नगरी अमरकंटक के मेला ग्राउण्ड में रन फॉर वन का आयोजन किया गया। साथ ही लोकसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वोट मैराथन में शहडोल संभाग के कमिश्नर बी.एस. जामोद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक व युवा शामिल हुए। मैराथन के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। **कटनी** जिला न्यायालय परिसर में अंतराष्ट्रीय विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर वृहद वृक्षारोपण किया गया है।

**रेलवे- होली स्पेशल**

रेलवे होली के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए पांच सौ चालीस विशेष रेलगाडियों का परिचालन कर रहा है। रेल मंत्रालय ने बताया कि ये रेलगाडियां देश के प्रमुख स्थानों तक चलेंगी। दिल्ली से पटना, भागलपुर, मुजफ्फरपुर और सहरसा के अलावा गोरखपुर-मुम्बई, कोलकाता-पुरी, गुवाहाटी-रांची और नई दिल्ली- श्री माता वैष्णोदेवी कटरा विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। मंत्रालय ने बताया कि इस बार होली के दौरान पिछले वर्ष के मुकाबले दो सौ उन्नीस रेलगाडियां अधिक चलाई जाएंगी।

मौसम

प्रदेश में कुछ जिलों में आज भी हल्की बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने प्रदेश के सिंगरौली  रीवा मउगंज सतना मैहर जिलों सहित 11 जिलों के लिए बिजली चमकने और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं शेष जिलों में अधिकतम तापमान में वृद्धि देखी जा सकती है। इस बीच प्रदेश के नर्मदापुरम, जबलपुर और रीवा संभागों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गई। सबसे अधिक तापमान बड़वानी के तालुन

में 36 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम पचमढ़ी में 11.2 डिग्री सेल्सियस रहा। शहडोल जिले के दो दर्जन से अधिक गांवों में ओलावृष्टि से फसल खराब हुई है।

पैराकैनो प्रतियोगित

भोपाल की छोटी झील में 17वीं राष्ट्रीय पैराकैनो चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण समेत कुल पांच पदक अर्जित कर प्रदेश को गौरवान्वित किया। खेल अकादमी के खिलाड़ी प्राची यादव ने दो स्वर्ण, मनीष कौरव ने एक स्वर्ण और रजनी झा ने एक रजत और एक कांस्य पदक अर्जित किया। साथ ही 18 से 21 अप्रैल 2024 तक आयोजित होने वाली एशियन पैराकेनो चैम्पियनशिप, टोक्यो में अकादमी के तीन पैरा खिलाड़ी प्राची यादव, रजनी झा और मनीष कौरव भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है।

**आईपीएल क्रिकेट**

टी–20 क्रिकेट की इंडियन प्रीमियर लीग की कल से शुरूआत हो रही है। कल चेन्नई में पहला मुकाबला गत विजेता चेन्नई सुपर किंग्स और रायज चेलेन्जर्स बैंगलूरू के बीच होगा। इससे पहले उद्घाटन समारोह में कई फिल्म अभिनेता और गायक प्रस्तुति देंगे।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- देवास में लोकसभा निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत न्यूज चैनलों पर निर्वाचन संबंधी समाचारों, आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन से संबंधित समाचारों व पेड न्यूज पर सघन निगरानी के लिए एमसीएमसी कमेटी का गठन किया गया है।
- कटनी मे लोक सभा निर्वाचन 2024 के लिये जिले में उपलब्ध ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। जिसके लिये मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों पदाधिकारियों से उपस्थित रहे।
- आगरमालवा जिले में ईव्हीएम एवं वीवीपीएटी का प्रथम रेण्डमाईजेशन कल 22 मार्च को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया जाएगा।।

..........................................